भारत सरकार
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 3172**

जिसका उत्तर 18.12.2025 को दिया जाना है

**राजस्थान में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएँ**

3172. श्री मुरारी लाल मीना:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) दौसा सहित राजस्थान और पूरे देश में पिछले दस वर्षों में स्वीकृत ऐसी राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की संख्या कितनी है जिनमें वर्तमान में विलंब हो रहा है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी राज्य-वार और परियोजना-वार संख्या कितनी है और स्थिति क्या है तथा तत्संबंधी अनुमानित लागत कितनी है;

(ग) कितनी राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के लिए पिछले दस वर्षों के दौरान बोलियाँ आमंत्रित की गईं और प्राप्त हुईं, लेकिन निर्माण अभी तक शुरू नहीं हुआ है और इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या सरकार इन विलंबित राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के समय पर पूरा होने, इनकी लागत में वृद्धि को रोकने और इनके काम में तीव्रता लाने के लिए कोई विशिष्ट नीति या सुधारात्मक उपाय कर रही है; और

(ङ) क्या सरकार दौसा सहित राजस्थान में सभी लंबित या अभी तक शुरू नहीं हुई राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं को पुन: शुरू करने और उन्हें समय पर पूरा करने के लिए कोई कार्य योजना तैयार कर रही है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ख) समापन के लिए विचाराधीन/समापन समय से पहले बंद होने वाले परियोजनाओं को छोड़कर, 643 निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) परियोजनाएं, जिन्हें मंजूरी दी गई और तत्पश्चात वित्त वर्ष 2014-15 से सौंपा गया है और जिनकी कुल लागत लगभग 4.13 करोड़ रुपये है, परियोजना को पूरा करने के विभिन्न चरणों में से किसी को भी प्राप्त किए बिना और अनुबंध के अनुसार अपनी मूल निर्धारित समापन तिथि को पार कर चुकी हैं। विलंबित परियोजनाओं का राज्य-वार विवरण **अनुलग्नक** में संलग्न किया गया है।

(ग) लगभग 1.15 लाख करोड़ रुपये की कुल लागत वाले 158 एनएच परियोजनाएं सौंपे जा चुके हैं, लेकिन अपेक्षित शर्तों के पूरा होने के साथ-साथ वित्तीय समापन हासिल करने और बैंक की जमानत जमा करने के लिए संविदाकार/रियायतग्राही के पास मौजूद समय को छोड़कर, बिना ऋण मुक्त वाली भूमि की उपलब्धता और वन और वन्यजीव मंजूरी सहित अन्य अनुमतियों की पूर्ति विलंबित होने के कारण नियत तिथि घोषित नहीं की जा सकी।

(घ) और (ङ) सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने राज्य सरकारों और अन्य हितधारकों के सक्रिय सहयोग से चल रही परियोजनाओं में बाधाओं/कठिनाईयों की समीक्षा और समाधान के परितंत्र का लाभ उठाकर भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए विभिन्न कदम उठाए हैं। इसके अलावा, सरकार आवश्यक मंजूरी/अनुमोदन की प्राप्ति में तेजी लाने और नई परियोजनाओं के लिए पूर्ववर्ती शर्तों को पूरा करने के लिए पूरी प्रयास कर रही है।

**अनुलग्नक**

**“राजस्थान में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएँ”** के संबंध में श्री मुरारी लाल मीना के. द्वारा पूछे गए दिनांक 18.12.2025 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3172 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

| **राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र** | **कुल** | |
|---|---|---|
| | **सं.** | **लागत** |
| अंडमान और निकोबार | 5 | 1463 |
| आंध्र प्रदेश | 38 | 19947 |
| अरुणाचल प्रदेश | 13 | 3857 |
| असम | 24 | 9750 |
| बिहार | 33 | 28183 |
| छत्तीसगढ़ | 13 | 4788 |
| दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 1 | 102 |
| दिल्ली | 1 | 1467 |
| गोवा | 5 | 151 |
| गुजरात | 17 | 18539 |
| हरियाणा | 10 | 12871 |
| हिमाचल प्रदेश | 14 | 7346 |
| जम्मू और कश्मीर | 30 | 26017 |
| झारखंड | 18 | 13281 |
| कर्नाटक | 49 | 26738 |
| केरल | 13 | 39161 |
| लद्दाख | 4 | 1265 |
| मध्य प्रदेश | 25 | 9183 |
| महाराष्ट्र | 66 | 45120 |
| मणिपुर | 21 | 7071 |
| मेघालय | 4 | 1120 |
| मिजोरम | 7 | 2158 |
| नागालैंड | 11 | 3404 |
| ओडिशा | 28 | 7616 |
| पंजाब | 22 | 22527 |
| राजस्थान | 17 | 5561 |
| सिक्किम | 9 | 3323 |
| तमिलनाडु | 21 | 21252 |
| तेलंगाना | 28 | 15967 |
| त्रिपुरा | 5 | 986 |
| उत्तर प्रदेश | 48 | 37035 |
| उत्तराखंड | 30 | 11442 |
| पश्चिम बंगाल | 13 | 4372 |
| कुल | 643 | 413064 |

*****